# बिहार विधान-सभा वाद्वृत्त

( भाग-1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

बृहस्पतिवार, तिथि 23 जून, 1983।

## विषय-सूची

पृष्ठ


प्रश्नों के लिखित उत्तर :—

प्रश्नों के मौखिक उत्तर :—

| | | |
|---|---|---|
| अल्पसूचित प्रश्नोत्तर संख्या :— 11, 12 | ... | 1—8 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या :—355, 356, 358, 359, 360, 361, 362, 363, 364, 365, 436। | | 9—25 |
| परिशिष्ट 1 एवं 2 (प्रश्नों के लिखित उत्तर ) :— | ... | 26—147 |
| दैनिक निबंध | ... | 148—149 |


टिप्पणी :—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधन नहीं किया है।

प्रभारी मंत्री, लघु सिंचाई विभाग—(1) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है।

(2) साहेबपुर-एमाल प्रखंड के चौकी ग्राम के नलकूप का ट्रांसफार्मर दिनांक 24 दिसम्बर, 1982 को बदल दिया गया है। जहां तक टूटे हुए नाले की मरम्मती का प्रश्न है, मरम्मती का काम शीघ्र ही संपन्न कर दिया जाएगा। इस कार्य के लिये जिला पदाधिकारी, बेगुसराय को आवश्यक निधि का आवंटन भेज दिया गया है। कार्यपालक अभियंता, बेगुसराय को लिखा जा रहा है कि वे जिला पदाधिकारी, बेगुसराय से संपर्क कर आवश्यक निधि शीघ्र प्राप्त कर लें तथा टूटे नाले की मरम्मत कर अनुपालन प्रतिवेदन भेजें।

---

सड़क का निर्माण।

पथ-34. श्री श्री नारायण यादव—क्या मंत्री, पथ-निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगुसराय जिलान्तर्गत सात विधान-सभा क्षेत्र हैं और प्रत्येक विधान-सभा क्षेत्र में सरकार के निर्णय के मुताबिक विधान-सभा सदस्य की अनुशंसा पर पांच-पांच किलोमीटर सड़क का निर्माण करने का सरकार का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि मात्र बलिया विधान-सभा क्षेत्र को छोड़कर शेष विधान-सभा क्षेत्र में सड़क बन गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या बलिया विधान-सभा क्षेत्र में पांच किलोमीटर सड़क नहीं बनने का क्या औचित्य है तथा सरकार इस क्षेत्र में विधायक द्वारा अनुशंसित सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

प्रभारी मंत्री, पथ-निर्माण विभाग—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर नकारात्मक है।

(3) बलिया विधान-सभा क्षेत्र के विधायक कोटा पथों में मिट्टी एवं पुलिया निर्माण-कार्य पूरा हो गया है। मार्च 1983 में पक्कीकरण हेतु आवंटन उपलब्ध हुआ है जिससे पक्कीकरण का कार्य आरम्भ कराया जा रहा है। 1983-84 वित्तीय वर्ष में कार्य पूरा हो जाने की संभावना है।

---